प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 920बजे

शिक्षक दिवस

आज राष्ट्रीय शिक्षक दिवस है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित होने वाले एक समारोह में 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 से सम्मानित करेंगी। हर वर्ष 5 सितंबर को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का उद्देश्य देश के कुछ ऐसे विशिष्ट शिक्षकों के अद्वितीय योगदान को मान्यता प्रदान कर उन्हें सम्मानित करना है जिन्होंने न केवल स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया बल्कि विद्यार्थियों के जीवन भी समृद्ध बनाया है। प्रत्येक पुरस्कार में योग्यता प्रमाण पत्र, 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार और एक रजत पदक दिया जाता है।

इधर राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के मौके पर आज प्रदेशभर में भी अध्यापकों के सम्मान में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस मौके पर शिमला में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 27 शिक्षकों को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व सीपीएस आशीष बुटेल भी मौजूद रहेंगे।

विधानसभा

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे मानसून सत्र की कार्यवाही आज 11 बजे शुरू होगी। सत्र के आठवें दिन आज प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू विभिन्न दस्तावेजों की एक–एक प्रति सभापटल पर रखेंगे। इसके अलावा कृषि मंत्री चंद्र कुमार और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी विभिन्न दस्तावेजों की एक–एक प्रति सभापटल पर रखेंगे। सदन में सरकारी विधेयकों पर विचार विमर्श भी होगा। सदन में नियम–102 के तहत मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर आगे चर्चा जारी रहेगी। इसके अलावा गैर सरकारी सदस्यों के संकल्पों को चर्चा के लिए लाया जाएगा जिनमें विधानसभा सदस्य केवल सिंह पठानिया, विपिन परमार, जीत राम कटवाल की सिफारिशें शामिल हैं।

केंद्र निर्देश

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को कहा है कि वे 10 सितंबर से पहले सभी चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए किए गए उपायों की रिपोर्ट की जानकारी दें। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को लिखकर कहा है कि वे हर क्षेत्र और

जिले में अधिक भीड़ वाले अस्पतालों की पहचान करें और उन स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यरत चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। इसके अलावा केंद्र ने सुरक्षा उपायों का आकलन व उसमें सुधार करने के लिए स्थानीय स्वास्थ्य और पुलिस अधिकारियों के परामर्श से सुरक्षा ऑडिट करने का भी निर्देश दिया है। राज्यों से यह भी आग्रह किया गया है कि वे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले सीसीटीवी कैमरों को लगाया जाए।

अग्निहोत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में पिछले दो साल में एक लाख 21 हजार 9 सौ 48 उपभोक्ताओं को पानी के कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि 31 जुलाई 2024 तक जल जीवन मिशन के तहत 91 योजनाओं के लिए 7 सौ 61 करोड़ 5 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें से 18 योजनाएं सुधारीकरण की और 73 नई पेयजल योजनाएं मंजूर हुई हैं। इनमें से 18 सुधारीकरण योजनाओं का कार्य प्रगति पर है और 10 नई पेयजल योजनाओं को कार्यान्वित कर दिया गया है, शेष 63 नई पेयजल योजनाओं का कार्य प्रगति पर है।

धनीराम शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि संस्कारित युवा पीढ़ी आसानी से अपने लक्ष्य को हासिल कर सकती है। वे शिमला स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में महिला व बाल विकास विभाग के तत्वाधान में बेटियों के लिए आयोजित एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़कर देश व प्रदेश का मान बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में युवा पीढ़ी खासकर बेटियों को उनके अधिकारों व कानूनों के बारे में जागरूक करने का बेहतर प्रयास किया गया है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से————

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने विधानसभा के मानसून सत्र से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। दैनिक भास्कर की सुर्खी है हिमाचल के अयोग्य पूर्व विधायकों की पेंशन बंद, सदन में विधेयक पास। अमर उजाला के शब्द हैं अयोग्य विधायकों को नहीं मिलेगी पेंशन, दल—बदल पर विधेयक लाने वाला हिमाचल बना पहला राज्य। दैनिक जागरण का शीर्षक है छह अयोग्य घोषित विधायकों से छीनी पेंशन।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से दिव्य हिमाचल लिखता है आज आ जाएगी सैलरी, 10 को मिलेगी पेंशन। पंजाब केसरी और आपका फैसला का एक जैसा कहना है इस महीने वेतन 5 और पेंशन 10 तारीख को देंगे। दैनिक भास्कर के मुताबिक सीएम बोले—वित्तीय अनुशासन लाने और 3 करोड़ मासिक बचाने के लिए देर से दिया वेतन।

वन मित्र भर्ती में नहीं होगा इंटरव्यू शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है हाईकोर्ट ने 10 अंकों के साक्षात्कार को अवैध बताते हुए किया खारिज।

पंजाब केसरी की एक खबर है अब विश्वविद्यालयों में सरकार की राय से होगी कुलपतियों की नियुक्ति।

मौसम पर आपका फैसला लिखता है हिमाचल के कई भागों में 7 दिनों तक बारिश जारी रहने के आसार–भूस्खलन से दो नेशनल हाईवे सहित 118 सड़कें बंद।